# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–23.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने गढ़वा में योजनाओं का निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा की, कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत बनाने के लिये अधिकारी जिम्मेदारी से काम करें।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का किया निरीक्षण, व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश।
- राज्य की पुलिस को विभिन्न अपराधों के खुलासे में मिली बड़ी सफलता, पीएलएफआई के पूर्व एरिया कमांडर, भाकपा माओवादी समेत तेरह लोग गिरफ्तार।
- डाल्टनगंज जिले में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पांकी अमानत बराज क्षेत्र का किया निरीक्षण, मुआवजा भुगतान और निर्माण कार्य के लिए दिए निर्देश।
- रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वारियर्स का रोमांचक मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से जारी और पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ड्रैगन्स का मुकाबला हैदराबाद तूफान से राउरकेला में होगा।

******************

केंद्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री बी एल वर्मा आकांक्षी जिला कार्यक्रम –एडीपी के अंतर्गत गढ़वा जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के सभी जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार एडीपी के तहत गढ़वा जिले के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मलेन में श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का विकसित भारत बनाने के लिये योजनाओं को गंभीरता से धरातल तक पहुंचाने में अधिकारी जिम्मेदारी से काम करें।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने 25 जनवरी को रांची के आर्यभट्ट सभागार में होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बीएलओ, कॉलेज छात्रों, नए मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पेयजल, शौचालय एवं भोजन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

******************

गोड्डा जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक और खेल समारोह का आयोजन शुरू हो गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने आज प्रयागराज के महाकुंभ नगर के सेक्टर–4 स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन कैंप कार्यालय का दौरा किया और महाकुंभ 2025 की कवरेज के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रसार भारती ने महाकुंभ 2025 की व्यापक कवरेज और विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के प्रसार के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन महाकुंभ से जुड़े रोचक तथ्य उपलब्ध करा रहे हैं।

******************

राज्य की पुलिस को विभिन्न अपराधों के खुलासे में बड़ी सफलता मिली है। खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई के पूर्व एरिया कमांडर नागेश्वर पहान, अर्जुन सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुंदर पहान, भाकपा माओवादी के हार्डकोर सदस्य असाय मुंडा और चोरी के आरोपी मोंका मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत इन अपराधियों और नक्सलियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

इधर, रांची पुलिस ने मधुसूदन राय हत्याकांड में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक आरोपी पर 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उप–महानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने बताया कि इस मामले को लेकर गठित एसआईटी ने छापेमारी कर अवैध हथियार, गोली और मोटरसाइकिल बरामद की है।

******************

उधर बोकारो पुलिस ने पिंटू नायक हत्याकांड का खुलासा कर मुख्य साजिशकर्ता समेत कुल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि संपत्ति विवाद में पिंटू नायक की भाभी सुनीता देवी ने शूटरों से उसकी हत्या कराई थी।

******************

डाल्टनगंज जिले में पांकी अमानत बराज के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने की दिशा में संसदीय कार्य और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर मुआवजा भुगतान के लिए विशेष कैंप आयोजित करने की घोषणा की। मौके पर मंत्री ने कहा कि मुआवजा भुगतान और निर्माण कार्य फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। इधर निरीक्षण के दौरान मधुखक्खियों के हमले से वहां मौजूद कई अधिकारी और पत्रकार घायल हो गए।

*****************

रांची में शिशु संरक्षण अधिनियम पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई जिस में आज शिशु संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को पालो ना संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर पंचायती राज्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस मुहिम से जुड़े सभी लोगों की प्रशंसा की और नवजात बच्चों के लिए सरेंडर और अडॉप्शन पॉलिसी लागू करने पर चर्चा की।

******************

रांची में हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में ओड़िशा वारियर्स का रोमांचक मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से जारी है। वहीँ, पुरुष वर्ग में, तमिलनाडु ड्रैगन्स का सामना रात सवा आठ बजे राउरकेला में हैदराबाद तूफान्स से होगा।

*******समाप्त*******